# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश - 249203
# All India Institute of Medical Sciences Rishikesh-249203

एम्स–ऋषि. / प्र.का. / 203 / 2024 / 15अगस्त / 472 / 27.07.2024

## कार्यालय – ज्ञापन

**विषयः– अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2024 को ध्वजारोहण के संबंध में।**

आदेशानुसार सूचित करना है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम इस वर्ष ब्लॉक बी के समीप 'सी 3–पार्किंग' में 15 अगस्त 2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 08:30 बजे से आयोजित होगा।

दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, **स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 को प्रातः 09.30 बजे ब्लॉक बी के समीप 'सी 3–पार्किंग' में प्रो0 मीनू सिंह, माननीया कार्यकारी निदेशक महोदया** के संरक्षण में ध्वजारोहण किया जाएगा।

कार्यक्रम की रूप–रेखा :

| समय | | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| पूर्वाह्न 08:30 बजे | : | बैठक व्यवस्था प्रारम्भ |
| पूर्वाह्न 09:30 बजे | : | ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, सलामी |
| पूर्वाह्न 09:45 बजे | : | माननीया कार्यकारी निदेशक महोदया का सम्बोधन |
| पूर्वाह्न 10:00 बजे | : | राष्ट्रीय गीत |
| पूर्वाह्न 10:05–11:15 बजे | : | सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन |
| पूर्वाह्न 11:15–11:45 बजे | : | संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह के अन्तर्गत एवं अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग तथा कर्मचारियों हेतु पुरस्कार वितरण |
| पूर्वाह्न 11:45 बजे | : | मिष्ठान्न वितरण |

**बैठने की व्यवस्था निम्नप्रकार हैः–**

- समस्त कार्यक्रम **(माननीया कार्यकारी निदेशक महोदया का सम्बोधन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम)** मंच (कार्यकारी निदेशक कार्यालय के समीप पार्किंग स्थल – सी 3) में किया जायेगा, जिसमें संस्थान की कार्यकारी निदेशक महोदया, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ आचार्य, आचार्य, सह आचार्य, समस्त पदाधिकारी **(All Office Bearers)**, समस्त कार्यक्रम संयोजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी होंगे।

उपरोक्त समस्त कार्यक्रम का **'लाईव प्रदर्शन'** एवं **वेबकास्ट** किया जाएगा, ताकि संस्थान के समस्त सहायक कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी स्वतंत्रता दिवस समारोह का **(सोशल मिडिया, फेसबुक, वेबकास्ट आदि के माध्यम से)** दृष्यावलोकन कर सकेंगे। प्रौद्योगिकी संबंधित समुचित व्यवस्था आई0 टी0 विभाग सुनिश्चित करेंगे।

कार्यक्रम कमेटी निम्नप्रकार है :

1. **सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक : (पूर्वाभ्यास इत्यादि सुनिश्चित करेंगे)**

- डॉ0 रश्मि मल्होत्रा, आचार्य, शरीर रचना विभाग
- डॉ0 मोनिका पठानिया, आचार्य, सामान्य चिकित्सा विभाग
- डॉ0 वेंकटेश पाई, अपर आचार्य, सामान्य चिकित्सा विभाग
- डॉ0 रूचिका रानी, सहायक आचार्य, नर्सिंग कालेज
- डॉ0 आशीष जैन, सह आचार्य, ट्रांसफ्यूजन मेडिसीन विभाग

गौरव बौंठी 27/7/24

2. **साज– सज्जा इत्यादि का संयोजक : (ध्वजारोहण / कार्यक्रम स्थल पर स्टेज, साउंड सिस्टम, फूलों की साज – सज्जा एवं भवन लाइटिंग इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।)**

- ❖ श्री रघुल पी. के. अधिशासी अभियंता, अभियांत्रिकी विभाग
- ❖ श्री विनीत कुमार, प्रमुख निजी सचिव, कार्यकारी निदेशक
- ❖ श्री अनुराग शुक्ला, प्रोग्रामर

3. **मिष्ठान्न वितरण संयोजक :**

- ❖ श्री संदीप कुमार सिंह, वरि. लाईब्रेरियन
- ❖ श्री अनिल चन्दर, उप–मुख्य सुरक्षाधिकारी
- ❖ श्री नवीन, कनि. प्रशासनिक अधिकारी

4. **आई.टी.बी.पी बैंड संयोजक :**

- ❖ श्री प्यार सिंह राणा, सुरक्षाधिकारी

5. **उद्घोषक :**

- ❖ श्री अनुराग शुक्ला, प्रोग्रामर
- ❖ सुश्री नीरा तिवाड़ी, वरि. हिन्दी अधिकारी

**समारोह स्थल पर आगन्तुकों, स्टेज, पोडियम एवं व्याख्यान कक्षों आदि के 'सेनिटाईजेशन'* की समुचित व्यवस्था एम्स सुरक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी के द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।**

**नोट : स्वतंत्रता दिवस के आयोजन पर समस्त फैकल्टी / एस.आर / जे.आर. / अधिकारीगण तथा नियमित / संविदात्मक / आउटसोर्स – कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी ।**

यह कार्यालय–ज्ञापन कार्यकारी निदेशक महोदया के आदेशानुसार जारी किया गया है ।

**प्रशासनिक अधिकारी**

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख निजी सहायक, कार्यकारी निदेशक महोदया (निदेशक महोदया के सूचनार्थ)
2. उप–निदेशक (प्र0) / संकायाध्यक्ष / चिकित्साधीक्षक / अधीक्षण अभियंता / प्राचार्य नर्सिंग / वित्तीय सलाहकार / रजिस्ट्रार / जनसंपर्क अधिकारी / वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी / अधिशासी अभियंता / लेखाधिकारी / आहरण एवं वितरण अधिकारी / वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष / वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी
3. कार्यक्रम के समस्त संयोजक
4. समस्त विभाग एवं विभागाध्यक्ष (समस्त संकायों एवं कर्मचारियों के सूचनार्थ)
5. अधीक्षण अभियंता– कार्यक्रम स्थल पर साउंड सिस्टम, टैंट एवं बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ।
6. सुरक्षा अधिकारी / भंडार अधिकारी / वरि. स्वच्छता अधिकारी / आई0 टी0 विभाग / सूचनापट्ट

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश - 249203
# All India Institute of Medical Sciences Rishikesh-249203

पत्रांक : एम्स/ऋषि./203/2024/प्र.अ./का.आ./ 473 | दिनांक : 27.07.2024

## कार्यालय आदेश

आदेशानुसार, सूचित करना है कि कार्यालय ज्ञापन संख्या एम्स–ऋषि./प्र.का./203/2024/ 15 अगस्त/ दिनांकित 27.07.2024 के क्रम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम इस वर्ष ब्लॉक बी के समीप 'सी 3–पार्किंग' में 15 अगस्त 2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 08:30 बजे से आयोजित होगा, जिसमें कार्यक्रम की रूप रेखा निम्न प्रकार से होगी :

**कार्यक्रम की रूप–रेखा :**

| समय | | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| पूर्वाह्न 08:30 बजे | : | बैठक व्यवस्था प्रारम्भ |
| पूर्वाह्न 09:30 बजे | : | ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, सलामी |
| पूर्वाह्न 09:45 बजे | : | माननीया कार्यकारी निदेशक महोदया का सम्बोधन |
| पूर्वाह्न 10:00 बजे | : | राष्ट्रीय गीत |
| पूर्वाह्न 10:05–11:15 बजे | : | सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन |
| पूर्वाह्न 11:15–11:45 बजे | : | संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह 2024 के आयोजन के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं/प्रतिभागियों एवं विभिन्न विभागों के उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों हेतु पुरस्कार वितरण |
| पूर्वाह्न 11:45 बजे | : | मिष्ठान्न वितरण |

सक्षम प्राधिकारी, एम्स ऋषिकेश की अनुमति से जारी ।

गौरव बड़ोला 27/7/24
(गौरव बड़ोला)
प्रशासनिक अधिकारी

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रमुख निजी सहायक, कार्यकारी निदेशक महोदया (निदेशक महोदया के सूचनार्थ)
2. उप–निदेशक (प्र0)/संकायाध्यक्ष/चिकित्साधीक्षक/ अधीक्षण अभियंता/प्राचार्य नर्सिंग/ वित्तीय सलाहकार/रजिस्ट्रार/जनसंपर्क अधिकारी/वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/अधिशासी अभियंता/लेखाधिकारी/आहरण एवं वितरण अधिकारी/वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष/वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी
3. कार्यक्रम के समस्त संयोजक
4. समस्त विभाग एवं विभागाध्यक्ष (समस्त संकायों एवं कर्मचारियों के सूचनार्थ)
5. अधीक्षण अभियंता– कार्यक्रम स्थल पर साउंड सिस्टम, टैंट एवं बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ।
6. सुरक्षा अधिकारी/भंडार अधिकारी/वरि. स्वच्छता अधिकारी/आई0 टी0 विभाग/सूचनापट्ट